हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 33 .4 डिग्री
न्यूनतम 15 .7 डिग्री

10 यूथ फेस्टिवल में देखने को मिलती है संस्कृति की झलक



10 केंद्रीय विद्यालय में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर शुरू



## खबर संक्षेप

### कंपनी के गोदाम से कंबल चोरी में दो काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने परढाना स्थित गोल्डन टैक्सो फेब कंपनी के गोदाम से करीब पचास कंबल चोरी के आरोप में मुकुल निवासी गांव नारायणा जिला पानीपत व आकांक्षु निवासी गांव रघुनाथपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने गोल्डन टैक्सो फेब कंपनी के गोदाम से कंबल के बोरे चोरी करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### पुलिस पर फायरिंग करने वाले गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस की टीम रिसपुर गांव के खेतों में किसान व पुलिस पर फायरिंग करने की वारदात में शामिल और दो आरोपियों सादिक निवासी गांव घाटमपुर जिला सहारनपुर व कासिम उर्फ लाला निवासी गंगौह जिला सहारपुर, उत्तर प्रदेश को सोमवार को सहारनपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। वहीं, सीआईए श्री प्रभारी विजय ने बताया कि इस मामले में पानीपत के गांव रिसालू निवासी नरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक में आग लगी

**पानीपत।** पानीपत के छोटू राम चौक के पास मंगलवार के तडके करीब चार बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक में आग लग गई। जिसमें रूई लदी हुई थी। बिजली लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से ट्रक में आग लगी होगी, ऐसा माना जा रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग का काबू किया। जबकि थाना किला के एसएचओ श्रीनिवास ने बताया कि ट्रक में आग लगने के मामले की जांच की जा रही है।

### एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी में दो काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी कपिल व रोहित उर्फ अमित को गिरफ्तार किया है। उसे अब दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सेक्टर 1 के महिंद्र पाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि प्रेम नगर में आरोपियों ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदलकर एटीएम मशीन से नकदी निकाल ली है।

### राष्ट्रपति का 18 का अंबाला दौरा स्थगित

**अंबाला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा स्थगित हो गया है। राष्ट्रपति 18 अक्तूबर को अंबाला में एयरफोर्स के कार्यक्रम में आने वाली थीं। अब उनका यह कार्यक्रम टाल दिया गया है। अब जल्द ही कार्यक्रम की नई तारीख तय की जाएगी। राष्ट्रपति के संभावित दौरे की खबर मिलते ही प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

कन्या महाविद्यालय का रजत जयंती समारोह

# जब बेटियां पढ़ती हैं तो पूरा परिवार, समाज और देश बढ़ता है आगे : नायब सिंह सैनी

परम पूज्य ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की ही प्रेरणा से स्वर्गीय मोहन लाल लोहिया ने इस जमीन पर अपने पिता की याद में यह कॉलेज बनवाया था : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब बेटियां पढ़ती हैं तो पूरा परिवार, पूरा समाज और पूरा देश आगे बढ़ता है। शिक्षा किसी भी देश व समाज की सच्ची शक्ति होती है। इसी बात को पहचानते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया था।

सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय जैसी संस्थाएं प्रधानमंत्री के इसी विजन को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा कुरुक्षेत्र की रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीप शिखा प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के 25 वर्षों की गतिविधियों पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जयराम शिक्षण संस्थानों के चेयरमैन परम पूज्य ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय संस्थान को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आज मैं ऐसे सरस्वती मंदिर में आया हूं, जो 25 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने का काम कर रहा है। शिक्षण संस्था के जीवन में 25 वर्ष केवल एक संख्या नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और सफलता का एक लंबा इतिहास है। जब इस कॉलेज की नींव रखी गई थी, तब शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि आने वाले समय में यह संस्थान लोहार माजरा के साथ-साथ पूरे कुरुक्षेत्र और आसपास के जिलों की बेटियों के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण का एक केंद्र बन जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि परम पूज्य ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की ही प्रेरणा से स्वर्गीय मोहन लाल लोहिया ने इस जमीन पर अपने पिता की याद में यह कॉलेज बनवाया था। यह कॉलेज आज हजारों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

■ श्रीजयराम शिक्षण संस्थान की स्मारिका का विमोचन किया



कुरुक्षेत्र। सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा में ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रतिमा का अनावरण करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

### बेटियों को 33 प्रतिशत आरक्षण

*पोस्ट ग्रेजुएट टीचर की भर्ती में भी बेटियों को 33 प्रतिशत आरक्षण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शिक्षा के मामले में गरीबी आड़े न आए, हमने इसका भी प्रबंध किए प्रदेश में एक लाख 80 हजार रुपए तक की वार्षिक आय वाले परिवार बेटियों को स्नातकोत्तर तक मुफ्त शिक्षा दी जाती है। पोस्ट ग्रेजुएट टीचर की भर्ती में भी बेटियों को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस हरियाणा को कम लिंगानुपात वाले राज्यों में गिना जाता था, उसने इस दाग को धोने के साथ-साथ अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के फलस्वरूप प्रदेश में जन्म के समय लिंगानुपात की दर वर्ष 2014 में 871 से सुधरकर अब 909 हो गई है।*

श्री श्याम मिलन महोत्सव

## खाटू श्याम बाबा का नाम लेने से ही दूर हो जाते हैं दुख : सीएम



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सैनी को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री खाटू श्याम बाबा का नाम लेने मात्र से ही मानव के दुख दूर हो जाते हैं। श्री खाटू नरेश को श्याम बाबा के नाम से भी जाना जाता है। गीता उपदेश के समय भगवान श्री कृष्ण ने कहा था कि कलयुग में खाटू श्याम की पूजा मुझे (भगवान श्री कृष्ण) से भी अधिक होगी और जो भी कोई श्रद्धा से खाटू श्याम बाबा का नाम लेगा, उसकी हर मनोकामना पूरी होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार देर रात कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में माधव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री श्याम मिलन महोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी को माधव सेवा समिति के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर और शाल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्री कृष्ण ने सर्व मानव जाति के कल्याण के लिए ज्ञान और कर्म का संदेश दिया था। तब भगवान भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत की पवित्र गीता को सुनने के लिए पांचवें पात्र बर्बरीक को महान व्यक्तित्व के रूप में आशीर्वाद दिया था। उन्होंने कन्हैया मित्तल को खाटू श्याम बाबा का गीतों का माध्यम से प्रचार करने पर बधाई का पात्र बताया। गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि इस समय कार्तिक मास का पावन महीना चला हुआ है, जो भारतीय राष्ट्र में देश की राष्ट्रीयता को गरिमामय बनाता है। लगभग 5163 वर्ष पहले भगवान श्री कृष्ण ने जब गीता का उपदेश दिया, तब पांच लोगों ने उसे गीता को प्रत्यक्ष सुना था, जिसमें अर्जुन, संजय, महर्षि व्यास, हनुमान और बर्बरीक शामिल है। बर्बरीक ने 48 कोर्स के हर दृश्य को अपनी आंखों से देखा और सभी बातों को कानों से सुना था। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, आरएसएस प्रांत प्रचारक डा. सुरेंद्र पाल, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी, खरखोदा विधायक पवन कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

चार आरोपियों के खिलाफ केस

## अधिक प्रॉफिट का लालच देकर व्यक्ति से हड़पे 38 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट करने के नाम पर हड़पी राशि

कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट करवा कर अधिक प्रॉफिट देने का लालच देकर साढौरा थाना क्षेत्र के गांव यासीन माजरी निवासी अशोक सिंह से 38 लाख रुपये हड़प लिए गए।

आरोप जिला अंबाला के न्यू जनकपुरी महेश नगर निवासी अभिषेक गोयल, प्रदीप राणा, अमरनाथ व विकास कुमार पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। यासीन माजरी निवासी अशोक सिंह ने शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात 2022 में जिला अंबाला के न्यू जनकपुरी महेश नगर निवासी अभिषेक गोयल के साथ हुई थी। आरोपी ने उसे बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। जहां पर पैसे इन्वेस्टमेंट कर अधिक प्रॉफिट मिलता है। इस दौरान आरोपी ने उसे प्रदीप राणा, अमरनाथ व विकास कुमार से मिलवाया। आरोपियों ने उसे कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया। इसके बाद आरोपियों के कहने पर उसने 38 लाख सात हजार रुपये कंपनी में जमा करवा दिए। मगर उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### सिवाह गांव में युवक को गोली मारी, हालत गंभीर

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में कार सवार बदमाशों ने सोमवार की देर रात सुमित पुत्र गुरूदेव को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुमित के मुंह पर गोली लगी और गर्दन में जा धंसी। वहीं सुमित, निजी अस्पताल में उपचाराधीन है और उसकी हालत स्थित बनी हुई है। इधर, पता चला कि सुमित को भूमि की खरीद फिरोख्त के विवाद में गोली मारी गई है। इधर, हुडा सेक्टर 29 थाना के एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि सुमित निवासी गांव सिवाह को उसके घर गोली मारी गई है। सुमित उपचाराधीन है। पुलिस ने सुमित पर जान लेवा हमले के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन मोड में करें आवेदन

## कुवि ने छात्रों को दिया विशेष मर्सी चांस परीक्षा का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ परीक्षाएं दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 में होंगी

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), प्रोफेशनल, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सों के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए विशेष मर्सी चांस परीक्षा (स्पेशल मर्सी चांस) की अनुमति दी है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा पर लिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि यह विशेष मर्सी चांस उन विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा है जिन्होंने अपने निर्धारित सभी अवसरों (री-अपियर, कम्पार्टमेंट या इम्प्रूवमेंट) का उपयोग कर लिया था और अब तक अपनी डिग्री पूर्ण नहीं कर पाए थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों के हित में एक अंतिम अवसर के रूप में उपलब्ध कराया है। सभी विद्यार्थी अपने आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में भर सकेंगे। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जाकर अपने अंतिम अध्ययन किए गए संस्थान के माध्यम से आवेदन करना होगा। विशेष मर्सी चांस की परीक्षाएं दिसंबर 2025/जनवरी 2026 में होंगी।

### चाकूबाज़ी में एक की मौत, 2 घायल

**करनाल।** कोट मोहल्ले में सोमवार देर रात हुए एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। शराब के नशे में एक युवक की बदसलूकी से शुरू हुआ यह झगड़ा चाकूबाजी में बदल गया, जिसमें तीन सगे भाई बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में से एक, 22 वर्षीय विशु की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके दो भाई गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों में झड़प इतनी बढ़ गई कि आरोपी पक्ष ने चाकू निकाल लिया और तीनों भाइयों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। विशु के पेट में चाकू से गहरा घाव लगा, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद विशु को निजी अस्पताल रेफर किया, लेकिन देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाकी दो भाइयों का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। डीएसपी ने कहा कि बाकी आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें भेज दी गई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आईटीआई में 697 सीटें खाली, कई बार हो चुकी दाखिले की प्रक्रिया

**अंबाला।** जिले के राजकीय आईटीआई संस्थानों में कई बार दाखिला प्रक्रिया चलने के बाद भी सीट खाली पड़ी हैं। यह सीट भरने के लिए अब दोबारा से प्रक्रिया शुरू हुई है। संस्थानों में ऑन द स्पॉट दाखिले किए जाएंगे। यह दाखिले 17 अक्तूबर तक चलेंगे। जिले में 7 राजकीय आईटीआई में कुल 3328 में से सीट 697 सीट खाली पड़ी हैं। इन सीट को भरने के लिए दाखिले किए जा रहे हैं। अंबाला शहर की राजकीय आईटीआई में सोमवार को 182 रिक्त सीट पर दाखिला लेने के लिए कुल 2 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से एक छात्र ने कोपा एनसीवीटी ब्रांच में दाखिला लिया। संस्थान प्राचार्य दिनेश सिंह राणा ने बताया कि संस्थान में फाउंड्रीमैन, वुड वर्क टेक्निशियन, पेंटर जनरल, एलओएमएम, डीएमएम, एडवांस सीएनसी, आर्किटेक्चुरल ड्रॉफ्समैन, सायल टेस्टिंग, वेल्डर फील्टर ड्यूल एवं अन्य ब्रांच में सीटें रिक्त पड़ी हैं। इन सीटों को भरने के लिए कई बार ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया हो चुकी है।

### धान की पराली जलाने पर पांच किसानों पर एफआईआर, रेड एंट्री भी की गई

**करनाल।** जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अब तक पांच किसानों पर एफआईआर दर्ज करवाई है। कृषि उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि इन किसानों से जुर्माना वसूला गया है और मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर उनके रिकॉर्ड में रेड एंट्री की गई है, जिससे वे आगामी दो सीजन तक अपनी फसल एमएसपी पर नहीं बेच सकेंगे। उन्होंने बताया कि एफआईआर किए गए किसान — जसमेर (गांव कैमला), दिनेश कुमार व सुरजीत (फुरलक), विक्की पुत्र राजकुमार (बीजना) और भजन सिंह पुत्र सुरता सिंह (ब्राह्मण माजरा) — पर वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 39 व भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 223(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डॉ. सिंह ने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला, खंड और ग्राम स्तर पर समितियां गठित की गई हैं जिनमें लगभग 750 अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं। अब तक नीलोखेड़ी, इंद्री और असंध में दो-दो फ्लैग मार्च तथा अन्य खंडों में एक-एक फ्लैग मार्च निकाले गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष जलाने की बजाय उसका प्रबंधन करें, जिससे मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

### तहसीलदार व नायब तहसीलदार सामूहिक अवकाश पर रहे

**अंबाला।** आईपीएस वाई पूरण कुमार मामले को लेकर जिले के तहसीलदार और नायब तहसीलदार एक दिन के सामूहिक अवकाश पर रहे। इस दौरान हरियाणा रेवन्यू ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल चंडीगढ़ स्थित उनके निवास स्थान पर गया और आईपीएस वाई पूरण कुमार की पत्नी से संवेदना प्रकट करते हुए उनके साथ मुलाकात की। इस दौरान जिले की सभी तहसीलों और उप तहसील से नायब तहसीलदार और तहसीलदार के सामूहिक अवकाश पर चले जाने के कारण अंबाला छावनी तहसील, अंबाला शहर तहसील, नारायणगढ़ तहसील, बराडा तहसील, उप तहसील शहजादपुर, उप तहसील साहा और सब तहसील मुलाना में काम बंद रहे। अंबाला की तहसील और उप तहसील में रोजाना करीब 250 रजिस्ट्री होती है।

भारत संकल्प अभियान के तहत रादौर में स्वदेशी अभियान कार्यक्रम आयोजित

## वन नेशन, वन इलेक्शन लागू होने से देश को होगा लाभ

■ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कार्यक्रम में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने से भारत देश को बड़ा लाभ होगा।

उन्होंने उक्त शब्द मंगलवार को रादौर के सफल पैलेस में भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित स्वदेशी अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रादौर भाजपा मंडलाध्यक्ष कृष्ण कांबोज ने की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि देश में बार बार चुनाव होने से देश का काफी धन खर्च होता है। वन नेशन वन इलेक्शन नीति के तहत देश में लोकसभा से लेकर सरपंच व पंच आदि के चुनावों को एक साथ सम्पन्न करवाया जाए तो इससे देश के धन की बचत होगी। धन की बचत होने से देश में विकास कार्य करवाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हमें देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने देश में ही बनी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे तो इससे हमारे देश का रुपया देश में ही रहेगा और हमारी स्वदेशी वस्तुओं पर निर्भरता भी बढ़ेगी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में वैश्विक पहचान बनाई है। आज हमारा देश न केवल आर्थिक, बल्कि वैचारिक रूप से भी आत्मनिर्भर बन रहा है। मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, आदेश राणा, हरदीप सैनी, संध्या रावत, मार्केट कमेटी रादौर के चेयरमैन रूपेंद्र मल्ही, भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा व शशि दुरेजा आदि मौजूद रहे।





यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व भाग लेते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं

*उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि हम विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करें और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दें। इसी सोच के तहत हमें हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाना है। यह सोच आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक संकल्प भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फार लोकल अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि यदि हर नागरिक इस दिशा में कदम बढ़ाएगा तो भारत जल्द ही आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि वोकल फार लोकल का अर्थ है कि हमें स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करना चाहिए। जिससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिले और देश आत्मनिर्भर बने। यह पहल स्थानीय कारीगरों, छोटे व्यवसायों और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर केंद्रित है और इसका उद्देश्य विदेशों के आयात पर निर्भरता कम करना है।*

## नीचे उतरा मैनेजर तो चालक कार लेकर फरार

■ कार में थे कंपनी के 95 हजार रुपये, मैनेजर के लैपटॉप व पर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी में दोस्त से मिलकर करनाल लौट रहे अकांउट मैनेजर से चालक कंपनी की किराये पर ली कार लेकर फरार हो गया। घटना थाना फर्कपुर क्षेत्र के जोड़ियां नाके की है। जैसे ही मैनेजर लघु शंका करने कार से उतरा तो चालक कार लेकर भाग गया। कार में कंपनी के करीब 95 हजार रुपये से भरा बैग व लैपटॉप व पर्स था।

राजस्थान के जिला सीकर निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड कंपनी में अकांउट मैनेजर है। कंपनी ने किराये पर बोलेरो कार ले रखी थी। वह कार में करनाल से जगाधरी के लिए गया था। इस दौरान कार ड्राइवर भिवानी के गांव जैवती निवासी चालक सर्वजीत साथ था। जब वे करनाल लौट रहे थे, रास्ते में दोपहर करीब सवा एक बजे जोडियां के नजदीक उसने लघु शंका करने के लिए कार को रुकवाया।

वह कार से उतरकर जैसे ही लघु शंका के लिए जाने लगा तो चालक सर्वजीत कार को तेज रफ्तार में वहां से लेकर फरार हो गया। कार में उसका एक लैपटॉप व दस्तावेज और पैसों से भरा बैग और पर्स था।

### चालक पर केस दर्ज

चालक सर्वजीत की काफी तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। उससे मोबाइल पर भी संपर्क नहीं हो पाया। उसने आरोपी चालक के खिलाफ कंपनी में शिकायत दर्ज करवाई। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

**खबर संक्षेप**



## स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान रही प्रथम

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में यूथ रेडक्रास इकाई के तत्वावधान में रक्तदान विषय पर स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन कर व पोस्टर मेकिंग के माध्यम से लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया। डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्रा रूपाली ने द्वितीय व अनिकेत और इशिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ऋषभ प्रथम, हर्षदीप द्वितीय व ईशा एवं अंशिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी।

## फैक्ट्री में काम करते समय छत से गिरने पर मौत

**यमुनानगर।** जिले के मानकपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री में काम करते समय छत से गिरने पर कर्मचारी की मौत हो गई। परिजनों ने मामले में फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही बताने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी फैक्ट्री मालिक अश्वनी कुमार ओबेरॉय के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव कोट बसावा सिंह निवासी मायाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भांजा 38 वर्षीय सुनील कुमार गांव मानकपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री में काम करता था। 12 अक्टूबर को सुबह सुनील कुमार फैक्ट्री में काम पर गया था। इस दौरान वह फैक्ट्री की छत पर काम कर रहा था। काम करते समय वह अचानक से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

## परिवार पर हमला करने के मामले में चार पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव मलिकपुर बांगर के घर में घुसकर परिवार पर हमला करने के मामले में छछरौली पुलिस ने गांव के दंपती व उसके दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों में नसीम व उसकी पत्नी शमीम व दोनों बेटे शहबाज व सरफराज शामिल हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई मारपीट में घायल हुए कलिम खान की शिकायत पर की। जानकारी के अनुसार कलिम खान ने बताया कि उनका गांव में पोल्ट्री फार्म है। जिसके साथ लगती उनकी जमीन पर उन्होंने पॉपुलर के पेड़ लगाए हुए हैं। इस जमीन के साथ गांव के नसीम के खेत हैं। कलिम खान के अनुसार शनिवार सुबह दस बजे वह और पिता सलीम पोल्ट्री फॉर्म पर थे। तब नसीम अपने खेत से फसल कटाई के लिए कंबाइन मशीन लेकर पहुंचा। नसीम ने उनकी जमीन से रास्ता देने के लिए कहा। मना करने पर परिवार सहित हमला बोल दिया।

### अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने गांव गुंदियाना का किया दौरा

# खेतों में नुकसान का आयुक्त ने लिया जायजा, किसानों से मिले

फसल खराब होने की वजह से प्रति एकड़ 20 से 30 हजार रुपये का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने गांव गुंदियाना में पहुंचकर बरसात के कारण खराब हुई फसलों के नुकसान का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने किसानों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने किसानों को उनकी समस्याओं का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया।

जानकारी के मुताबिक, अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा, एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अनिल कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ गांव गुंदियाना में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुंदियाना गांव में बरसात के कारण फसलों में हुए नुकसान का जायजा लिया। मौके पर भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रधान संजू गुंदियाना समेत अन्य किसानों ने मंडल आयुक्त संजीव वर्मा को बताया कि इस बार भारी बारिश हुई है। इसके कारण उनकी फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि धान की फसल पहले प्रति एकड़ 30 क्विंटल के करीब निकलती थी, लेकिन इस बार उनके खेतों में धान की फसल न के बराबर निकल रही है। उन्हें फसल खराब होने की वजह से प्रति एकड़ बीस हजार से तीस हजार रुपये का नुकसान हो रहा है। किसानों ने मंडल आयुक्त को बताया कि बिलासपुर व थाना छप्पर क्षेत्र का बरसात का पानी उनके गांव से होकर गुजरता है। इससे उनकी फसलें बर्बाद हुई हैं।



**यमुनानगर।** गांव गुंदियाना में फसलों के नुकसान का निरीक्षण करने के दौरान किसानों की समस्याएं सुनते हुए मंडलायुक्त संजीव वर्मा।

**नदियों की खुदाई नहीं हुई**

किसान नेताओं ने बताया कि सरस्वती नदी की खुदाई नहीं होना और दादूपुर नलवी नहर के बंद कर दिए जाने से बरसात के पानी ने उनके गांव के खेतों में भारी तबाही मचाई है। उन्होंने मंडल आयुक्त से उनकी समस्याओं का समाधान करवाए जाने की मांग की। मंडलायुक्त संजीव वर्मा ने किसानों को उनकी समस्याओं का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पवन नंबरदार, सतीश कुमार, पप्पल गुंदियाना, चंद्रपाल मेंबर पंचायत, कुलदीप खुब्बड मेंबर पंचायत, होशियार सिंह ब्लॉक समिति मेंबर, प्रवीण लालर सरपंच, शलिन्द्र कुमार व मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

## अनाज मंडियों से खरीद एजेंसियां धान का तुरंत करें उठान : गुप्ता



**यमुनानगर।** जिला की 13 अनाज मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। अभी तक जिला की सभी अनाज मंडियों में तीन लाख 79 हजार 98 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रुप से व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल व कॉमन ग्रेड धान का मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में अब तक कुल तीन लाख 79 हजार 98 मीट्रिक टन ग्रेड ए धान की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 74 हजार 487 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 33 हजार 7 मीट्रिक टन व हरियाणा भंडारण निगम द्वारा 71 हजार 604 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की व्यासपुर अनाज मंडी में 33 हजार 412 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 43 हजार 238 मीट्रिक टन, गुमथला रॉव अनाज मंडी में 6 हजार 309 मीट्रिक टन, जगाधरी अनाज मंडी में 53 हजार 558मीट्रिक टन, जठलाना अनाज मंडी में 2 हजार 416 मीट्रिक टन, खारवन अनाज मंडी में 3 हजार 249 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है।

- जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अनाज मंडियों में पड़ी धान का उठान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश



**यमुनानगर।** गंगा पेट्रोल पंप पर औचक निरीक्षण के दौरान तेल का माप करवाते हुए एसडीएम विश्वनाथ। फोटो : हरिभूमि

### जगाधरी के एसडीएम का औचक छापा

## सरकारी आदेशों की पालना करें पेट्रोल पंप : विश्वनाथ

- एसडीएम विश्वनाथ ने पेट्रोल पंप पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पेट्रोल पंप संचालक हरियाणा सरकार द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन करें। उक्त शब्द जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ ने शहर के गंगा पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण करने के दौरान कहे। मौके पर उनके साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व पुलिस बल भी मौजूद रहा। इस दौरान पेट्रोल पंप पर तेल का माप लिया गया और पेट्रोल के सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए लैब में भेजा गया।

एसडीएम विश्वनाथ ने कहा कि पेट्रोल एक ज्वलनशील पदार्थ है और इसके वितरण में यदि किसी प्रकार की कोताही बरती जाती है तो अचानक बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए हर समय पेट्रोल पंप पर अच्छी स्थिति में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध होने चाहिएं। एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालयों के साथ अन्य व्यवस्थाओं का होना आवश्यक है।

**व्यवस्था जांची**

एसडीएम विश्वनाथ ने कहा कि औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यही होता है कि पेट्रोल पंप से संबंधित सभी गतिविधियां ठीक हों। इसी के तहत औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्था जांची गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। सभी पेट्रोल पंप यह सुनिश्चित करें कि सही मानकों के तहत वाहनों में तेल भरें। ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त शुद्ध एवं सही पैमाने में पेट्रोल एवं डीजल इत्यादि मिल सकें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पहले भी पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया है, लेकिन इसके बावजूद कुछ पेट्रोल पंप सरकारी आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं।

### हुडा सेक्टर-17 की कार्यकारिणी गठित

## अर्बन एस्टेट वेलफेयर एसो. के प्रधान बने देवेंद्र राणा



**यमुनानगर।** अर्बन एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर कर स्वागत करते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

- उप प्रधान मनदीप शर्मा, महासचिव भारत भूषण अनेजा व कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता को चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अर्बन एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन जगाधरी के हुडा सेक्टर-17 के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी देवेंद्र राणा को प्रधान चुना गया।

एसोसिएशन के भारत भूषण अनेजा ने बताया कि कार्यकारिणी में प्रधान देवेंद्र राणा के अलावा उप प्रधान के पद पर मनदीप शर्मा, महासचिव के पद पर भारत भूषण अनेजा व कोषाध्यक्ष के पद पर सुरेंद्र कुमार गुप्ता को चुना गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर नवनिर्वाचित प्रधान देवेंद्र राणा ने कहा कि एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वह उसका अपनी पूरी निष्ठा और लग्न से निर्वहन करेंगे।

देवेंद्र राणा ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के कार्य करना, गरीबों की मदद करना और पर्यावरण व स्वच्छता समेत अन्य कल्याणकारी कार्य करना है। इस अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू व मनीष मलिक ने नवनिर्वाचित पदार्धिकरियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

## गंदे पानी की निकासी के कार्य का उद्घाटन

- एमटी करेहड़ा में ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का किया जा रहा प्रयास : नेपाल

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के गांव एमटी करेहड़ा में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा ने गंदे पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन बिछाने के कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी क्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा रादौर विधानसभा के प्रत्येक गांव में समान रूप से विकास कार्य करवा रहे हैं। मौके पर सरपंच पूजा रानी व सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र कुमार व ग्रामीणों ने गांव की फिरनी का निर्माण करवाए जाने पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का हार्दिक आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर सरपंच पूजा रानी, रविंद्र कुमार, रसाल सिंह, विनोद राणा, रामबीर राणा, सोनू कुमार, रोहित, पिनू राणा, बलराम शर्मा व जियालाल मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गांव एमटी करहेड़ा में पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ करते नेपाल राणा।

## बाइक सवारों ने दो किलोमीटर के भीतर मां-बेटी से लूटा बैग, एक से छीना पर्स

- सरस्वती रोड पर स्नेचरों की दहशत, पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के सरस्वती नगर रोड पर बाइक सवार दो युवकों ने दो किलोमीटर के बीच में ही लूट व छीना झपटी की दो वारदातों को अंजाम दिया। एक स्थान पर आरोपी बाइक सवार युवकों ने एक्टिवा से गिराकर मां-बेटी से बैग लूट लिया। वहीं, अन्य स्थान पर महिला से पर्स छीनकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, मंजीत कौर ने बताया कि उनका बाल छप्पर में किराये का घर है। जहां से 12 अक्तूबर की शाम बेटी के साथ एक्टिवा पर खरीदारी करने थाना छप्पर गई थी। यहां से खरीदारी कर शाम में घर लौट रहे थे। इस दौरान करीब साढ़े छह बजे थाना छप्पर मार्ग पर राइस मिल के पास पीछे से बाइक सवार दो युवक आए। इनमें बाइक पर पीछे बैठे युवक ने हाथ से बैग झपट लिया और धक्का मारकर उसे व बेटी को एक्टिवा सहित सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद बाइक सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गए। सड़क पर गिरने से उसे व बेटी को चोटें आईं। उन्हें राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। महिला ने बताया कि उसके पर्स में चार हजार रुपये की नकदी, मोबाइल, आधार कार्ड, हैप्पी कार्ड और खरीदे गए बर्तन थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खरीदारी कर लौट रही थी महिला**

सरस्वती नगर निवासी प्रवेश ने बताया कि वह खेती बाड़ी करता हैं। 12 अक्तूबर की शाम को उसकी पत्नी रेखा बाजार में कपड़ों व अन्य सामान की खरीदारी करने गई थी। बाजार से लौटते समय शाम करीब साढ़े छह बजे रेखा से बाइक सवार दो नकाबपोश युवक हाथ से पर्स झपट कर ले गए। पर्स में दस हजार रुपये की नकदी व मोबाइल थे। रेखा ने इस बारे में बताया तो मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवक व युवती को विदेश भेजने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर युवती व युवक को विदेश भेजने के नाम पर करीब आठ लाख रुपये हड़पने के मामले सामने आए हैं। पुलिस में दोनों मामलों की जांच के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोपाल मंदिर छोटी लाइन यमुनानगर निवासी जूही ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहती थी। इस दौरान उसे पता चला कि गुरप्रीत सिंह, पुलकित सहगल, अमनदीप सिंह, मानसी, प्रियंका व विक्रम लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। इस दौरान वह आरोपियों को उनके कार्यालय में मिली। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपियों ने उससे आठ फरवरी 2024 को दो लाख 63 हजार रुपये व उसके दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उसे जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

- पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज


**पांच लाख 26 हजार की चपत**

रादौर थाना क्षेत्र के गांव छारी निवासी जोगिंदर सिंह ने बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद विदेश जाना चाहता था। इस दौरान वह रिया व युवराज से मिला। आरोपियों ने उसे उसके लड़के को विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख 26 हजार रुपये ले लिए मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**दीपावली** टेराकोटा की मूर्तियों की डिमांड बढ़ने से दुकानदारों ने भी बढ़ाया स्टॉक

# मिट्टी से बनी टेराकोटा की मूर्तियों व कृत्रिम फूलों से सजने लगे घर

बाजार में सजावटी सामानों की गिफ्ट गैलरी में आई कई नई वैरायटी



**यमुनानगर।** गिफ्ट गैलरी पर दुकानदार द्वारा सजाई गई टेराकोटा की मूर्तियां।

- त्योहारी सीजन में दुकानदारों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए कई तरह के ऑफर भी निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दीपावली पर्व पर मिट्टी से बनी टेराकोटा की मूर्तियों की डिमांड बढ़ने लगी है। लोग अपने घरों को आकर्षक रूप से सजाने के लिए टेराकोटा की मूर्तियों व प्राकृतिक दिखाई देने वाले फूलों को खरीदने में लगे हैं। खास बात यह है कि मिट्टी से बनी टेराकोटा की मूर्तियों की डिमांड बढ़ने पर दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मूर्तियों और फूलों पर काफी छूट का ग्राहकों को ऑफर दे दिया है। छूट मिलने से गिफ्ट गैलरियों में खरीदारों की भीड़ जुटने लगी है।

**आकर्षण का केंद्र बन रहीं मूर्तियां**

शहर के मोहित गिफ्ट सेंटर के संचालक मोहित उर्फ टिंकू ने बताया कि इस बार दीपावली पर्व पर मिट्टी से बनी टेराकोटा की मूर्तियां व अन्य आइटम को ग्राहक ज्यादा खरीद रहे हैं। टेराकोटा में उनके यहां 25 आइटम आई हैं। जिनमें हांडी कैंडल स्टैंड, फाउंटेन दीये आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनके यहां कैंडल स्टैंड सौ रुपये से लेकर 500 रुपये तक है। वहीं फाउंटेन सौ रुपये से एक हजार रुपये तक है। इसके अलावा दीये 10 रुपये से 50 रुपये तक उपलब्ध हैं। वहीं, गिफ्ट गैलरी संचालक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि उनके यहां भी गिफ्ट में काफी आइटम हैं। इनमें टेराकोटा से बनी सुराही 300 से 700 रुपये, टेबल 250 से 600 रुपये, ट्रील स्पाइट 250 से 500 रुपये तक उपलब्ध है। वहीं लोटिंग एनिमल सौ रुपये व देवताओं की छोटी मूर्तियां 50 से 100 रुपये तक नई डिजाइन में आई हैं।

**मूर्तियों में भारतीय संस्कृति झलकी**

शिवालिक नगर निवासी कोमल, सुदेश व भावना मलिक आदि का कहना है कि टेराकोटा की मूर्तियों में भारतीय संस्कृति की झलक मिल रही है। जिसके घरों में रखने के कई फायदे हैं। एक तो वह अन्य मूर्तियों से सस्ती हैं और दिखने में काफी आकर्षक हैं। वहीं, मिट्टी की मूर्तियां घरों में रखना काफी शुभदायी माना जाता है।

## दिव्यांग बच्चों ने रंग-बिरंगे दीये बनाकर प्रदर्शनी में सजाए

- होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित की दीयों व सजावटी मोमबत्तियों की प्रदर्शनी
- विद्यालय के बच्चों ने दीपावली पर्व के लिए खरीदे दीये व मोमबत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल में आरोहण वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में दिव्यांग बच्चों ने रंग-बिरंगे दीये व आकर्षक मोमबत्तियां बनाकर स्टॉलों पर सजाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक मोमबत्तियों व दीयों को विद्यालय के बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने दीपावली पर्व के लिए खरीदकर उनका हौसला बढ़ाया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने किया।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में खरीदारी करते हुए विद्यालय के बच्चे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि प्रदर्शनी में सोसायटी के दिव्यांग बच्चों द्वारा रंग-बिरंगे दीयों और सजावटी मोमबत्तियों का सुंदर संग्रह तैयार करके स्टॉलों पर सजाया गया। प्रदर्शनी आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आवश्यक संसाधन, शिक्षा और चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। खरीदी गई प्रत्येक वस्तु न केवल इन बच्चों की आत्म-निर्भरता को बढ़ावा देती है। बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक रोशनी भी प्रदान करती है। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ दीये और मोमबत्तियां खरीदकर दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भी मेहनत की सराहना की।

**खबर संक्षेप**



## केशव पार्क में लगाया जाएगा साझा स्वदेशी मेला

**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि 17 से 19 अक्टूबर तक केशव पार्क में लगने वाले सांझा स्वदेशी मेला को लेकर नगर परिषद के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए। कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि केशव पार्क में कहा-कहां फूड स्टॉल लगेंगे, झूले, मुख्य अतिथियों के लिए मंच, हाथ से निर्मित वस्तुएं बेचने के लिए स्टॉलें, पीने के पानी की व्यवस्था, वेडर्स कहां-कहां खड़े होंगे इसकी रुपरेखा तैयार की गई है। इसके लिए बकायदा एक नक्शा भी तैयार किया गया है।

## स्कूली क्रीडा प्रतियोगिता में हरप्रीत ने जीता कांस्य पदक

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र हरप्रीत ने राज्य स्तरीय स्कूली क्रीडा प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र हरप्रीत की इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 5 अक्तूबर को आरकेएसडी स्टेडियम कैथल में हुआ था। जिसमें सभी राज्यों से लगभग 900 छात्रों ने भाग लिया। हरप्रीत ने कराटे में ब्रॉज मैडल हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने विजेता छात्र को बधाई दी।

## इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में यूथ फेस्टिवल संपन्न

**लाडवा।** लाडवा गत दिवस इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा धनौरा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 48 वाँ जोनल यूथ फेस्टिवल कुरुक्षेत्र जोन 2025 का समापन अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ।कॉलेज प्राचार्य प्रो. कुशल पाल ने विशेष रूप से चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के माननीय कुलपति प्रो. डॉ. राम पाल सैनी का हार्दिक आभार प्रकट किया, जिन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम से समय निकालकर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ।

### जिला उपायुक्त कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

# आईपीएस आत्महत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**मूल निवासी संघ, जन संघर्ष मंच हरियाणा, मनरेगा मजदूर यूनियन, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, और अन्य सहयोगी संगठनों ने जताया रोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मूल निवासी संघ, जन संघर्ष मंच हरियाणा, मनरेगा मजदूर यूनियन, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, और अन्य सहयोगी संगठनों ने संयुक्त रूप से जिला उपायुक्त कार्यालय, कुरुक्षेत्र पर धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से एडीजीपी वाई. पूरण कुमार आत्महत्या मामले में कार्रवाई न होने, भारत के चीफ जस्टिस बी आर गवई पर जूता फेंकने की घटना और हरिओम वाल्मीकि की मॉब-लिंचिंग द्वारा हुई हत्या के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के बाद, सभी संगठनों ने सी.टी.एम., कुरुक्षेत्र के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री (भारत सरकार, नई दिल्ली), राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग (नई दिल्ली), महामहिम राज्यपाल, और मुख्यमंत्री को तीन ज्ञापन सौंपे।



### उत्पीड़ने के कारण उठाया कदम : सुदेश

धरने को संबोधित करने वाले प्रमुख नेताओं में मंच महासचिव सुदेश कुमारी, मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रधान नरेश कुमार, मूल निवासी संघ के सुभाष चन्द चोपड़ा, सेवा राम जागलान, जिले सिंह, और महावीर दहिया, रामेश्वर आजाद आदि शामिल थे। इन सभी ने एडीजीपी वाई. पूरण कुमार की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार हरियाणा के डीजीपी सहित सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह बेहद शोकपूर्ण और क्षोभजनक है कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के दिन, हरियाणा सरकार के एक वरिष्ठ, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पुलिस अधिकारी, ए.डी.जी.पी. वाई. पूरण कुमार, को प्रदेश के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए उत्पीड़न और जातीय अत्याचार के कारण आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा। सभी नेताओं ने संयुक्त रूप से निम्नलिखित मांगें रखीं की कि ए.डी.जी.पी. वाई. पूरण कुमार के आत्महत्या नोट में नामजद सभी पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को तुरन्त गिरफ्तार किया जाए। आरोपियों के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस की रकळ के बजाय हाईकोर्ट के सिटिंग जजों या सीबीआई द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायिक जाँच कराई जाए, जो अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट 15 दिन में पेश करे। मृतक अधिकारी के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले राकेश किशोर और रायबरेली (यू.पी.) के हरिओम वाल्मीकि के हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सोशल मीडिया में दलित विरोधी सामग्री डालने वाले तथाकथित ऊपरी जातियों के नफरती ट्रॉल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों ने किया प्रदर्शन



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते पदाधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के नेतृत्व में लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संगठनों को साथ लेकर सीजेआई य बीआर गवई पर जूता फेंकने और एडीजीपी पूरण कुमार की आत्महत्या के दोषियों के विरोध प्रदर्शन कर माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार एवं राज्यपाल के नाम जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। हजरस प्रधान अमर सिंह ने बताया कि मौजूदा समय में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ उत्पीड़न जैसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है, जिनका संगठन पूरी तरह से विरोध करता है और मांग करता है कि इस प्रकार से आने वाले मामलों पर सरकार को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

सर्व समाज के इस आंदोलन में रविदास मंदिर सभा प्रधान सूरज भान, बेगमपुरा टाइगर फोर्स प्रदेश अध्यक्ष अशोक सुनहेड़ी, डॉक्टर बीआर अंबेडकर भवन एवं छात्रावास से उपप्रधान संतोष बाला, सर्व कर्मचारी संघ से प्रधान ओम प्रकाश, रामेश्वर, सुदर्शन रिटायर कर्मचारी संगठन महावीर दहिया, वाल्मिकी अंबेडकर एम्पलाई संगठन से राजवीर कौर, बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला प्रधान सतपाल भोला, मूल निवासी संघ से हरियाणा प्रभारी जिले सिंह संभरवाल, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष संजीव अंबेडकर, किसान यूनियन से रामेश्वर आजाद, हरियाणा वाल्मीकि महासभा से रामपाल अटवाल आदि शामिल रहे।

**7 एकड़ के पनप रही थी कॉलोनी**

## अवैध कालोनी में किए निर्माण को किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा पिहोवा में लगभग 7 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा में लगभग 7 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा पिहोवा में लगभग 7 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग ने भूस्वामी को नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।

### जमीन खरीद से पहले वैधता की जानकारी ले

इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## छात्रा महक ने गणित विज्ञान के क्षेत्र में भरी उड़ान

**कुरुक्षेत्र।** प्रांत स्तरीय गणित, विज्ञान एवं कंप्यूटर मेले का आयोजन 11 से 13 अक्तूबर 2025 को गोपाल विद्या मंदिर, जींद में आयोजित किया गया, जिसमें गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के 12 छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की व शानदार प्रदर्शन किया। शिशु वर्ग विज्ञान प्रश्न मंच में कियान, किरण और भूमिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान पत्र वाचन में मिस्टी ने शिशु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। किरण ने शिशु वर्ग में गणित विषय के मॉडल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महक राठौर ने तरुण वर्ग में गणित मॉडल में प्रातं स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिखा ने जीव विज्ञान प्रायोगिक कार्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## आपदा प्रबंधन व बचाव का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान दिया

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस शैक्षणिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा के समय सजगता, तत्परता और सुरक्षा उपायों की समझ विकसित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संदीप कुमार, जिला अग्निशमन अधिकारी, कुरुक्षेत्र ने विद्यार्थियों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने विभिन्न प्रकार की आग — अ, इ, उ, और ऊ श्रेणियों — के बारे में बताया।



### फायर सेफ्टी का प्रदर्शन किया

*संदीप कुमार और उनकी टीम ने केन्द्र के विज्ञान पार्क में फायर सेफ्टी का लाइव प्रदर्शन भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों को फायर एक्सटिंग्विशर के प्रयोग की सही विधि सिखाई और विद्यार्थियों को भी स्वयं अग्निशमन यंत्र चलाने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, टीम ने विद्यार्थियों को दो हाथ, तीन हाथ और चार हाथ की तकनीक से व्यक्ति को बचाने और कंबल से मानव शरीर पर लगी आग बुझाने की विधि भी सिखाई। विद्यार्थियों ने इन तकनीकों का मंच पर अभ्यास भी किया।*

## 'विकसित भारत बिल्डेथोन' कार्यक्रम का आयोजन

- शिक्षा मंत्रालय ने राजकीय विद्यालय कनिपला में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान और समस्या समाधान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनिपला में विकसित भारत बिल्डेथोन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अहम पहलू यह है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा देशभर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभागिता की है। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि बिल्डथॉन का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें सृजनात्मक सोच, व्यावहारिक शिक्षा और देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी ने स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर अपने अभिनव विचार और मॉडल प्रस्तुत किए तथा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने मॉडल और विचारों का प्रस्तुतीकरण किया।

### विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

*इस कार्यक्रम में बिल्डेथोन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के विचारों का मूल्यांकन नवाचार, व्यवहारिकता, उपयोगिता और सामाजिक प्रभाव के आधार पर किया जाएगा तथा राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 10, राज्य स्तर पर 100 और जिला स्तर पर 1000 विजेताओं का चयन किया जाएगा। विजेता टीमों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि दी जाएगी तथा साथ ही चयनित नवाचारों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विकसित करने का अवसर भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिल्डथॉन में सभी स्कूलों को भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। यह पहल विद्यार्थियों को सीखो और करके दिखाओ की दिशा में आगे बढ़ाने का अवसर देगी।*

## दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए मोबाइल एप से हो रहे आवेदन : सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 सितंबर को हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के आवेदन के लिए एप लॉन्च की हुई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के लिए इस योजना को शुरू किया है। उन्होंने एक लाख से कम इनकम वाले परिवार की महिलाओं को योजना के लिए जरूरी कागजात को पूरे कर आवेदन करने की अपील की। उपाध्यक्ष सुमन सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लाडवा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुमन सैनी का मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान करें ताकि प्रदेश के हर एक व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंच सके। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत करके और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे उनकी समग्र भलाई और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा मिले।



लाडवा। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनती उपाध्यक्ष सुमन सैनी।

## तख्त श्रीहजूर साहिब बोर्ड की बहाली सिख कौम की बड़ी जीत : जगदीश सिंह झींडा



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने तख्त श्रीहजूर साहिब (नांदेड) बोर्ड की बहाली को सिख कौम की बड़ी जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लंबी \कानूनी लड़ाई के उपरांत तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड का प्रबंधक बोर्ड बहाल हुआ है, यह वहां के सिखों एवं रागी सिंघो के सफल प्रयासो का परिणाम है। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रबंधक बोर्ड में दखलादांजी करते हुए वहां प्रशासक नियुक्त कर दिया था, जिसके उपरांत वहां की सिख संगत ने माननीय अदालत में चुनौती देकर अपना विरोध जताया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए माननीय अदालत ने अब फैसला सिख संगत के हक में सुनाया है। यह फैसला आते ही तख्त श्री हजूर साहिब बोर्ड की बहाली हो गई। जत्थेदार झींडा ने कहा कि पांच तख्त साहिब सिख कौम के हैं और उनके प्रबंध में दखल देने का अधिकार किसी के पास नहीं है। जत्थेदार झींडा ने पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के गांव कौलपुर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के पांच पवित्र स्वरूप अग्निभेंट किए जाने की घटना को निदंनीय बताया। उन्होंने संगत द्वारा आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले करने की सराहना की। उन्होंने इस मामले में श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा की गई कार्रवाई की भी सराहना की।

**केयूके कौशल रोजगार निगम संघ के कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन**

## कर्मचारियों को अनुभव के हिसाब से वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कौशल रोजगार निगम संघ के सैकड़ो कर्मचारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय संघ के प्रधान गुरदीप तंवर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास पर उनके प्रतिनिधि कैलाश सैनी को मिले व अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद संघ प्रधान गुरदीप तंवर ने बताया कि उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार से विश्वविद्यालय में नियमित कर्मचारियों को दिवाली का बोनस दिया जा रहा है, उसी तर्ज पर कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को भी 2000 का बोनस दिया जाए, ताकि इस महंगाई के दौर में वह अपना त्यौहार खुशी से मना सकें। उन्होंने यह मांग भी की कि हरियाणा भर के कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को उनके अनुभव के आधार पर वेतन दिया जाए क्योंकि पूरे प्रदेश के अंदर विश्वविद्यालय व अन्य विभागों में हजारों की तादाद में कर्मचारी 10 से 20 साल से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, परंतु वेतन वृद्धि के नाम पर उनके हाथ खाली है। इसलिए एचकेआरएन विभाग द्वारा वेरीफाई अनुभव को मान कर उनके वेतन में वृद्धि की जाए क्योंकि हरियाणा मे हजारों कर्मचारी न्यूनतम वेतन से अपना गुजारा चला रहे है।





कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जिला अध्यक्ष मेवा सिंह एवं विधायकगण।

## जनता को गुमराह करने का काम कर रहे मुख्यमंत्री नायब सैनी : मेवा सिंह

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल को एक वर्ष पूरे होने पर जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष मेवा सिंह, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण काला व पिहोवा विधायक मनदीप सिंह चट्ठा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के द्वारा चुनावों के दौरान जो वायदे जनता से किए थे उन वायदों को पूरा करने में भाजपा सरकार विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चुनावों के दौरान लंबे चौड़े वायदे जनता से किए गए थे। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है, किसान परेशान है, युवाओं को नौकरियों नहीं मिल रही फिरौती लूटपाट की वारदाते दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2100 रुपए देने का वायदा किया था लेकिन शर्तें इतनी लगा दी है कि केवल 2 लाख महिलाओं का पंजीकरण ही हो पाया। उन्होंने कहा कि गत दिवस चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी के द्वारा लाडवा बाईपास बनवाने के लिए सभी तैयारियों की बात कही जिसका जिलाध्यक्ष ने वीडियो साझा करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नायब सैनी जनता से झूठ बोल रहे है बाईपास का कोई भी कार्य धरातल पर अभी शुरू ही नहीं हुआ।

**कार्यक्रम** | सांसद कार्यालय में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा पर मंथन

**जिन्दल फाउंडेशन की टीम के सभी सदस्यों ने आयोजन की रणनीति पर विचार प्रस्तुत किए**

# सांसद नवीन जिन्दल फिट इंडिया अभियान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रयासरत : लेफ्टिनेंट जनरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद खेल महोत्सव को लेकर सांसद कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महोत्सव की तैयारियों, पंजीकरण प्रक्रिया और आयोजन की रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम के सभी सदस्यों ने आयोजन की रणनीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पंजीकरण से लेकर खेलों के सफल आयोजन और पुरस्कार वितरण तक हर पहलू पर गंभीर मंथन किया गया। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सांसद नवीन जिन्दल की सोच के अनुरूप किया जाएगा, ताकि यह महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं के लिए मंच बने बल्कि समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और एकता का भी संदेश दे।



### खेलों से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं

बैठक की अध्यक्षता यूथ एंपावरमेंट एंड एंटरप्रिन्योरशिप, हरियाणा सरकार एवं सांसद खेल महोत्सव, कुरुक्षेत्र के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल जेएस नैन ने करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल फिट इंडिया अभियान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रयासरत हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद नवीन जिन्दल, सांसद खेल महोत्सव खेलों को लेकर विशेष योजना बना रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग, चाहे वे किसी भी आयु वर्ग के हों, खेलों से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ। उनका मानना है कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि समाज में अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना भी पैदा करते हैं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के सफल संचालन के लिए हर पहलू पर गहन चिंतन करना आवश्यक है, ताकि आयोजन में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में अब तक लगभग दो लाख पैंसठ हजार प्रतिभागी द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है।

### विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

खेल महोत्सव में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी की जा रही है। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि विजेताओं को सम्मानित करने के साथ-साथ खेलों के महत्व पर युवाओं को प्रेरित करने के लिए विशेष संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर सांसद खेल महोत्सव कोर्डिनेटर रोहन मेनन, कृष्मन सिंह सैनी, भूषण मंगला, और नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# यूथ फेस्टिवल में देखने को मिलती है संस्कृति की झलक

राज्यमंत्री गौरव गौत्तम बोले, युवाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका

## राज्यमंत्री ने कॉलेज को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता तथा खेल, विधि एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यूथ फैस्टिवल एक ऐसा मंच होता है जिसके माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ते हैं। संस्कृति की झलक इसमें देखने को मिलती है। आने वाले समय में देश के भविष्य में युवा अपनी मजबूत नींव रखने का काम करेगा। राज्यमंत्री मंगलवार को अंबाला शहर के एसए जैन पीजी कॉलेज में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा यहां पर आयोजित 48वें जोनल यूथ फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज के ग्राउंड एवं अन्य गतिविधियों के लिए 11 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में वशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने शिरकत की तथा इस अवसर पर एडवोकेट जरनल विक्रांत पंबू, प्रधानाचार्य डॉ. रिषि पाल व प्रो. डॉ. विवेक चावला भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

**कॉलेज प्रबंधन कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को शाल व स्मृति चिह्न भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया**


अंबाला। राज्यमंत्री को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते शिक्षक।

### सरकार युवाओं के लिए कर रहीं हर संभव कार्य

राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रबंधक कमेटी की ओर से यहां पर आयोजित यूथ फेस्टिवल की सराहना करते हुए कहा कि यूथ फेस्टिवल एक ऐसा मंच होता है जिससे युवा अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए निरंतरता मे कार्य कर रही है। गौतम ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एतिहासिक फैसले लेने का काम किया गया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370ए हटाना, अयोध्या मे भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनाना व अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अब देश बदल रहा है। दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारने वाला भारत बना है। ऑप्रेशन सिंदूर के तहत हमारी सेनाओं ने दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारा है जोकि इस बात का प्रमाण है।

### मिलकर देश को करें विकास

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प एवं सपना सजोया है उसे हमें मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर यह भी कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। अपने ही देश में तैयार स्वदेशी वस्तुओं को खरीदकर आत्मनिर्भर भारत की ओर बढना है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। युवाओं के उत्थान के लिए निंरतरता में कार्य किए जा रहे हैं। मेरिट के आधार पर युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी देने का काम किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने यूथ फेस्टिवल की सराहना की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने कोरियोग्राफी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी छठा बिखेरी। मौके पर ओंकार , अमन सूद, अर्चना छिब्बर, प्रधान सूर्यकांत जैन, उप प्रधान दीपक जैन, सचिव हितेष जैन, फाइनेंस सचिव अमन कुमार जैन, राजीव जैन व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मीटिंग 15 को

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 15 अक्तूबर को दोपहर बाद 3 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) विभाग के मंत्री श्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि मीटिंग में रखी जाने वाली शिकायतें सूचीबद्ध कर ली गई हैं।

### प्रतिभा निखारने का मिलता है अवसर

**अंबाला।** नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार ने कहा कि बाल महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतर अवसर मिलता है। यहां से प्रतिभागी बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। संयुक्त आयुक्त मंगलवार को बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित जिला बाल स्तरीय महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।

### 2 देसी पिस्तौल समेत आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज अवैध 2 देसी पिस्टल व 5 जिंदा रौंद रखने के मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### कैंडल मार्च निकालकर डीजीपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग उठाई

# एडीजीपी के सुसाइड पर बिखरा वाल्मीकि समाज

*कैंडल मार्च के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक अधिकारी की मौत नहीं बल्कि पूरे समाज के आत्मसम्मान पर हमला है*

**बीसी बाजार से लेकर विजय रत्न चौक तक लोग हाथों में मोमबत्तियां लेकर चले**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- आरोपी अधिकारियों के खिलाफ भी जमकर की नारेबाजी

वाल्मीकि समाज की ओर से मंगलवार को एडीजीपी वाई. पूरण कुमार के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर बीसी बाजार स्थित प्रमुख वाल्मीकि द्वार से लेकर विजय रत्न चौक तक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला। मार्च में समाज के लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां और बैनर लिए नारे लगाते हुए न्याय की मांग की । साथ ही वाई पूरण कुमार को न्याय दो, जातिवाद बंद करो के नारे भी लगाए गए।

गौरतलब है कि बीते 7 अक्तूबर को हरियाणा कैडर के एडीजीपी वाई. पूरण कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव से आहत होकर आत्महत्या कर ली थी।

वे दलित समुदाय से ताल्लुक रखते थे। उनके सुसाइड नोट में प्रदेश के डीजीपी शत्रुजीत कपूर समेत 15 वरिष्ठ अफसरों के नाम स्पष्ट रूप से दर्ज हैं। सीनियर आईपीएस पूरन कुमार ने अपने नोट में लिखा था कि उन्हें उनकी जाति के कारण लगातार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था।




### आईएएस अधिकारी अमनीत कौर ने भी खुले तौर पर डीजीपी शत्रुजीत कपूर की गिरफ्तारी की मांग की

इस घटना ने पूरे देशभर में दलित समाज को झकझोर दिया है। समाज के लोग इसे 'प्रणालीगत जातिवाद का जिंदा उदाहरण' बता रहे हैं और उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं। शहीद एडीजीपी की पत्नी व आईएएस अधिकारी अमनीत कौर ने भी खुले तौर पर डीजीपी शत्रुजीत कपूर की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, वे पीछे नहीं हटेंगी। कैंडल मार्च के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक अधिकारी की मौत नहीं बल्कि पूरे समाज के आत्मसम्मान पर हमला है। वक्ताओं ने मांग की कि डीजीपी शत्रुजीत कपूर सहित सुसाइड नोट में शामिल अधिकारियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की जाए। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश स्वयं करें ताकि निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित हो सके। मार्च में वाल्मीकि समाज के प्रमुख प्रतिनिधि सुरिंदर सिंह लोहट, रत्न लाल टांक, सोमनाथ बोह, रजत लोहट, अजय कुमार, ललित कुमार, सोनू, राजकुमार मट्टू, राजकुमार सुंदर नगर सहित बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने एडीजीपी वाई. पूरण कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा और उन्हें दलित गौरव व सच्चे कर्मवीर" की संज्ञा दी। अंत में समाज ने संकल्प लिया कि जब तक न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित और एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बुक कराने के नाम पर 1250 ठगे

- पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इसमें एक व्यक्ति से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) बुक कराने के नाम पर 1250 रुपए की ठगी कर ली गई। यह जिले में एचएसआरपी से जुड़ी ऑनलाइन ठगी का पहला मामला माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

अंबाला कैंट की निशात बाग कॉलोनी के रहने वाले रोहित कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी कार के लिए नई एचएसआरपी नंबर प्लेट बुक कराने के लिए इंटरनेट पर सर्च किया। सर्च के दौरान उन्हें एक वेबसाइट मिली, जो पहली नजर में सरकारी पोर्टल जैसी लग रही थी।

वेबसाइट के निर्देशों के अनुसार उन्होंने आवेदन फॉर्म भरा और भुगतान के लिए दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से 1250 रुपए जमा कर दिए। रोहित ने बताया कि भुगतान के बाद उन्हें उम्मीद थी कि कुछ दिनों में नंबर प्लेट उनके पते पर पहुंच जाएगी, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी प्लेट नहीं आई।

### फर्जी सरकारी वेबसाइट के जरिए की जा रही ठगी

रोहित ने बताया कि जब उन्होंने वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया तो वहां से बताया गया कि उनके नाम से कोई आवेदन दर्ज ही नहीं हुआ है। बाद में जांच करने पर रोहित को पता चला कि उन्होंने असली सरकारी पोर्टल पर नहीं, बल्कि एक फर्जी वेबसाइट पर आवेदन और भुगतान किया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि ठगों ने असली सरकारी वेबसाइट के इंटरफेस की हूबहू नकल तैयार की थी ताकि लोग आसानी से धोखे में आ जाएं। इस वेबसाइट के जरिए कई लोगों से छोटे-छोटे भुगतानों के रूप में ठगी की जा रही थी। थाना साइबर क्राइम प्रभारी महेंद्र ने बताया कि पुलिस ने रोहित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### यूआरएल को जांच कर करें पेमेंट

थाना प्रभारी महेंद्र ने कहा कि वे किसी भी तरह की सरकारी सेवा जैसे एचएसआरपी प्लेट, वाहन रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस संबंधी कार्य केवल संबंधित विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से ही करवाएं। साइबर पुलिस का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए नागरिकों को भुगतान करने से पहले वेबसाइट का यूआरएल ध्यान से जांचना चाहिए।

### दो दिन तक चलेगा युवा महोत्सव

**अंबाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर के प्राचार्य दिनेश सिंह राणा ने बताया कि जिला में जिला युवा महोत्सव का आयोजन उपायुक्त अजय सिंह तोमर के नेतृत्व में 27 व 28 अक्तूबर को करवाया जाएगा। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकते है। कार्यक्रम में समूह लोक नृत्य, समूह लोक सांग, कविता, कहानी लेखन, पेटिंग, लेखन, समूह लोक इंस्ट्रूमेंटल, गायन और विज्ञान मेला भी लगाया जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय में स्काउट-गाइड परीक्षण शिविर का किया शुभारंभ

## जोश और अनुशासन से दमके प्रतिभागी, सेवा भावना पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

केंद्रीय विद्यालय संगठन संभाग के अंतर्गत द्वितीय सोपान परीक्षण शिविर (माध्यमिक स्तर) तथा तृतीय चरण/स्वर्ण पंख परीक्षण शिविर (प्राथमिक स्तर) का शुभारंभ मंगलवार काके पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, छावनी में हुआ। शिविर के पहले दिन स्काउट्स एवं गाइड्स तथा कब एवं बुलबुल ने अपने जोश, अनुशासन और समर्पण से सभी को प्रभावित किया। शिविर में आज यूनिफॉर्म निरीक्षण, स्काउट प्रॉमिस एवं लॉ, मोटो–साइन–सल्यूट, राष्ट्रीय एवं विश्व स्काउट ध्वज की पहचान, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान, प्रार्थना व ध्वज गीत एवं लॉग बुक लेखन जैसी गतिविधियां संपन्न हुईं।


अंबाला। शिविर में छात्रों की गतिविधियों को जांचते शिक्षक।

### सेवा ही जीवन अपनाने का किया आह्वान

विद्यालय के मुख्याध्यापक अनिल कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। तत्पश्चात उपप्राचार्य मनीष सेमवाल ने विद्यार्थियों को स्काउटिंग की मूल भावना- सेवा ही जीवन है को अपने आचरण में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अनुशासन, समयबद्धता और दल भावना के साथ शिविर की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर का संचालन विद्यालय स्तर पर उपप्राचार्य मनीष सेमवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

# प्रकृति वंदन से शुरू किया गया पर्यावरण जागरूकता का संदेश



**चंडीगढ़।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (पार्यावरण संरक्षण गतिविधि – पीएसजी), चंडीगढ़ के सहयोग से पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर-42, चंडीगढ़ में एक दिवसीय सामाजिक इंटर्नशिप कार्यक्रम (एसआइपी-01) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाब विश्वविद्यालय, उसके संबद्ध कॉलेजों, सरकारी व निजी विद्यालयों तथा विभिन्न संस्थानों के पर्यावरण विज्ञान विभागों के लगभग 75 प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलपति डॉ. विजय अरोड़ा उपस्थित रहे। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनीता कौशल ने सभी विशिष्ट अतिथियों कुलपति महोदय, श्री पुनीत सूद (पीएसजी दिल्ली संयोजक एवं पीएसजी पंजाब राज्य इकाई के संरक्षक) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'प्रकृति वंदन' से हुआ, जो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीकात्मक आयोजन था। इस अवसर पर प्रकृति के संरक्षण एवं मानव अस्तित्व के लिए उसके पोषण के महत्व पर बल दिया गया। कॉलेज की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी रचनात्मकता और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए स्वयं निर्मित पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में विभिन्न पर्यावरण क्षेत्रों के विशेषज्ञ वक्ताओं डॉ. सुमन मोर, डॉ. रीना चड्ढा, डॉ. अमित बंसल, श्री संदीप कश्यप, श्री प्रभु नाथ शाही और श्री मनोज शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# मनोनीत सदस्यों को दिलाई शपथ

- नगरपालिका कार्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

नगर पालिका कार्यालय में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सरकार द्वारा मनोनीत दो नए नपा सदस्य बलजिंदर सिंह जग्गी और सोहन लाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस शपथ ग्रहण की औपचारिकता नगर पालिका प्रधान रजत मलिक और सचिव राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से पूरी करवाई। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी मौजूदा सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के उपरांत प्रधान रजत मलिक की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। प्रधान मलिक ने दोनों नवमनोनीत सदस्यों का स्वागत किया।


बराड़ा। सदस्यों को शपथ दिलवाते हुए चेयरमैन रजत मलिक।

### सर्वांगीण विकास के लिए किया आह्वान

प्रधान मलिक ने कहा कि उनके आने से पालिका टीम को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने सभी सदस्यों से कस्बे के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रधान मलिक ने कहा कि "हम सभी का सामूहिक लक्ष्य शहर को नई उंचाइयों तक पहुंचाना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी को पूर्ण समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने बलजिंदर सिंह जग्गी और सोहन लाल को नई जिम्मेदारी संभालने के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

फोटो 1

### रोटरी क्लब ने 100 छात्रों को कापियां बांटी

**बराड़ा।** रोटरी क्लब ने शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय सामाजिक पहल की। इस अभियान के तहत क्लब ने खंड के राजकीय उच्च विद्यालय सरकपुर और राजकीय माध्यमिक विद्यालय दादूपुर में अध्ययनरत लगभग 100 विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपियां वितरित कीं। क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों का सबसे बड़ा हथियार है। यदि हर बच्चा पढ़-लिखकर आगे बढ़ेगा तो समाज और देश दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने बताया कि क्लब का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने कहा कि इस प्रकार की पहलें विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाती है। उन्हें अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देती हैं। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजोखेड़ी की प्रधानाचार्या राजरानी ने कहा कि रोटरी क्लब की यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देने वाली है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सम्राट अजमीढ़ महाराज भारतीय संस्कृति के महान शासक, धर्म, न्याय व पराक्रम की मिसाल कायम की

# सम्राट अजमीढ़ महाराज जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

सुनार समाज कल्याण सभा द्वारा स्वर्णकार समाज के पितृ पुरूष सम्राट श्री अजमीढ़ महाराज की जयंती स्थानीय हनुमान वाटिका में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने महाराजा अजमीढ़ के चित्र सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। सभा के प्रधान सुरेश वर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. पवन सैनी ने कहा कि जो समाज या परिवार अपने इतिहास को भूल जाता है, वह अपने पूर्व वंशजों से भी अनजान हो जाता है। डॉ. सैनी ने कहा कि सम्राट अजमीढ़ महाराज भारतीय संस्कृति के ऐसे महान शासक थे जिन्होंने धर्म, न्याय और पराक्रम की मिसाल कायम की। उन्होंने समाज में समानता, एकता और सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया। उनका शासन जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित था जिससे आर्यावर्त की सभ्यता को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा स्वर्णकार मानव शरीर अथवा मूर्ति को आभूषणों से अलंकृत कर सुंदर और मनमोहक बनाता है।


शहजादपुर। महाराजा अजमीढ़ के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करते मुख्यातिथि डॉ. पवन सैनी व अन्य समाज के लोग।

**महाराज ने स्वर्णकार समाज को किया संगठित**

डॉ. सैनी ने कहा कि अजमीढ़ महाराज ने स्वर्णकार समाज को संगठित कर उसे सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाई। उनके समय में आभूषण निर्माण व धातु कला को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कला के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ।

### इतिहास व महापुरुषों के आदर्शों को रखें याद

डॉ. सैनी ने कहा की हमें अपने इतिहास और महापुरुषों के आदर्शों को याद रखते हुए समाज में एकता और प्रगति की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। जब हम अपने गौरवशाली इतिहास को समझते हैं, तभी हम भविष्य को सही दिशा दे सकते हैं। सभा के प्रधान सुरेश वर्मा ने कहा कि महाराजा अजमीढ़ किसी एक जाति या धर्म के गुरु नहीं, बल्कि समाजवाद के सच्चे धोतक थे। उन्होंने समाज में एकरूपता लाने का काम किया। वहीं उन्होंने स्वर्ण आभूषणों को बनाने का कार्य किया और आने वाली पीढीयों को यह हुनर विरासत में दिया। उन्होंने महाराजा अजमीढ़ के जीवन का उल्लेख करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान करते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर इंद्रपाल वर्मा, जगदीश वर्मा, नरेश वर्मा, महेश वर्मा, देश बंधू वर्मा, नीलकमल वर्मा, विनोद वर्मा, मुकेश वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, कुलदीप थामा, अश्वनी वर्मा, महाकांत वर्मा, प्रवीन वर्मा, दीपक वर्मा,अजय वर्मा, सोनू वर्मा, राजेश वर्मा, देवाशीष वर्मा, सुभाष वर्मा, सतीश वर्मा, सुरेंद्र मोहन वर्मा, सतिंद्र वर्म आदि रहे।